शिमला में रोहड़ू, जांगला और चड़गांव के उप-डाकघरों के दैनिक मजदूरी वाले कर्मचारियों का नियमित किया जाना

1966. श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में रोहड़ू, जांगला और चड़गांव के उप डाकघरों में कार्यरत दैनिक मजदूरी पर रखे गये कर्मचारियों की संख्या कितनी है और वे कितने समय से कर्य कर रहे हैं;

(ख) क्या सरकार मौजूदा नियमों के अतगत इन कर्मचारियों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ;

(ग) क्या सरकार अंशकालिक डाक-घरों के कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने और इन कर्मचारियों को नियमित करने का भी विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री, साथ में संचार मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री के. पी. उन्नीकृष्णन) :(क) और (ख) जानकारी उपलब्ध नहीं है तथा प्राप्त होने पर वह सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) और (घ) कार्यभार के आधार पर समय-समय पर उनके वेतन में वृद्धि की जाती है और विभागीय परीक्षा के माध्यम से उन्हें नियमित किया जाता है । तथापि, उनके नियमित करने के लिए कोई सुनिश्चित समयावधि निर्धारित नहीं की जा सकती ।

राजस्थान में टेलीफोन डायरेक्ट्री की सप्लाई

1967. डा. अबरार अहमद खान : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के विभिन्न जिलों में अब तक वितरित की गई टेलीफोन डायरेक्टरी का संस्करण कौन से वर्ष का है और जब कि प्रत्येक वर्ष नई डायरेक्टरी के वितरण का प्रावधान है, उसके वितरण में विलम्ब होने के क्या कारण हैं तथा इसके लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के क्या नाम हैं;

(ख) क्या वर्ष के मध्य में परिवर्तित किये जाने वाले टेलीफोन नम्बरों के बारे में उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) टेलीफोन के लगने के कितने दिन पश्चात् 197 से उस टेलीफोन नम्बर के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री, साथ में संचार मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री के.पी. उन्नीकृष्णन) :(क) से (ग) अपेक्षित जानकारी विवरण में दी गई है जिसे सभा पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

(क) राजस्थान के विभिन्न दूरसंचार जिलों में टेलीफोन डायरेक्ट्रियों की आपूर्ति की स्थिति इस प्रकार है :

क्र०सं०	दूरसंचार जिले का नाम	आपूर्ति टेलीफोन डायरेक्ट्री के अंतिम संस्करण का वर्ष
1	2	3
1.	अजमेर . .	1986
2.	अलवर . .	1989